सत्यमेव जयते

झारखण्ड गजट

असाधारण अंक

झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

2 पौष, 1947 (श०)

संख्या - 576 राँची, मंगलवार, 23 दिसम्बर, 2025 (ई०)

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

अधिसूचना

10 दिसम्बर, 2025

संख्या-4/स्था०पद०-02-01/2022 का. 7275--श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, राँची के पत्रांक 1792/स्कीपा, दिनांक 05.12.2025 के द्वारा संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 के द्वारा अनुशंसित सभी 342 पदाधिकारियों का कुल 08 (आठ) सप्ताह का संयुक्त आधारभूत संस्थागत प्रशिक्षण निर्धारित किया गया है।

2. उपरोक्त 08 सप्ताह में से 06 (छः) सप्ताह का प्रशिक्षण श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, राँची में निर्धारित है। संस्थान में प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु पदाधिकारियों के आवासन, भोजन, परिवहन, शारीरिक प्रशिक्षण (P.T.) आदि कार्यों में समन्वय हेतु झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के अपर समाहर्त्ता एवं समकक्ष कोटि के पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत निम्नांकित पदाधिकारियों को श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, राँची में प्रतिनियुक्त किया जाता है :-

क्र०	पदाधिकारी का नाम / कोटि क्रमांक / गृह जिला
1	श्री सुरेन्द्र कुमार, 100/20, हजारीबाग
2	श्री विष्णुदेव कच्छप, 115/20, पलामू
3	श्री सलमान जफर खिजरी, 150/20, लोहरदगा
4	श्रीमती संध्या मुण्डु 166/20, खूँटी
5	श्री मनोज कुमार, 174/20, कोडरमा
6	श्रीमती वन्दना सेजवलकर, 229/20, गया
7	श्री इन्दर कुमार, 243/20, रामगढ़
8	श्रीमती रश्मि लकड़ा, 248/20, गुमला
9	श्री मनिन्द्र भगत, 268/20, लोहरदगा
10	श्री जय प्रकाश करमाली, 289/20, रामगढ़

3. संबंधित प्रतिनियुक्त पदाधिकारी श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, राँची में दिनांक 15.12.2025 को योगदान देना सुनिश्चित करेंगे तथा कार्यक्रम के समापन के उपरांत कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग में वापस होंगे।

झारखण्ड राजपाल के आदेश से,

चिन्टू दोराईबुरू,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

अधीक्षक, झारखण्ड राजकीय मुद्रणालय, राँची द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित,
झारखण्ड गजट (असाधारण) 576 - 50